सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र - III)

# GENERAL STUDIES (Paper - III)

निर्धारित समय : तीन घंटे]

Time Allowed : Three Hours]

[अधिकतम अंक : 200

[Maximum Marks : 200

विशेष अनुदेश :

(i) कुल 20 प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड - अ से 10 प्रश्न लघुउत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द-सीमा 125 तथा खण्ड - ब से 10 प्रश्न दीर्घउत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 200 निर्धारित हैं । जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दें ।

**Specific Instructions :**

(i) There are 20 questions. Section - **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section - **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each.** The questions are printed both in **Hindi** and in **English.**

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is **indicated** against it.

(iv) Keep the **word limit** indicated in the questions in mind.

(v) Any page or portion of the page left blank in the answer booklet must be **clearly** struck off.

## खण्ड - अ/SECTION - A

1. राष्ट्रीय शक्ति की वृद्धि में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका उदाहरण सहित समझाइए । **8**

   Explain with examples the role of science and technology in enhancing national power.

scorebetter.in

2. आंतरिक सुरक्षा के प्रति खतरे के रूप में भ्रष्टाचार का विवेचना कीजिए । 8

Analyse corruption as a threat to internal security.

3. भारतीय संसद के 'सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून' की आलोचना राज्यों द्वारा इसकी कठोरता एवं कभी-कभी असंवैधानिकता के लिए की जाती रही है । विवेचना कीजिए । 8

'Armed Forces Special Powers Act' of the Parliament of India has come under criticism by the States as being draconian and sometimes as un-constitutional. Examine analytically.

4. 'समावेशी विकास' से आप क्या समझते हैं ? भारत में असमानताओं एवं गरीबी को कम करने में समावेशी विकास किस प्रकार सहायक है ? समझाइए । 8

What do you mean by 'Inclusive Growth' ? How inclusive growth is helpful in reducing poverty and inequalities in India ? Explain.

5. लघु एवं सीमान्त किसानों पर हरित क्रांति के प्रभावों की व्याख्या करें । 8

Explain the impact of green revolution on small and marginal farmers.

6. भारत में निर्धनता की माप कैसे की जाती है ? भारत में ग्रामीण निर्धनता दूर करने के लिए उठाये गये कदमों का वर्णन कीजिए । 8

Discuss how poverty is measured in India. Examine the steps taken to overcome the rural poverty in India.

scorebetter.in

7. भारत में औद्योगिक रुग्णता के क्या कारण हैं ? इस समस्या को दूर करने के लिए उचित सुझाव दीजिए । 8

What are the causes of industrial sickness in India ? Give suitable suggestions to overcome the problem.

8. भारत में ऊर्जा संकट के कारणों की विवेचना कीजिए । 8

Discuss the causes of energy crisis in India.

9. जैव-विविधता को परिभाषित कीजिए । ट्रॉपिकल (उष्ण जलवायु) देश जैव-विविधता समृद्ध क्यों होते हैं ? समझाइए । 8

Define Biodiversity. Why are tropical countries rich in biodiversity ? Explain.

10. 'डिजिटल अधिकार' क्या होते हैं ? इनके उद्देश्यों की विवेचना कीजिए । 8

What are 'digital rights' ? Discuss their objectives.

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. "विगत दो दशकों में अनियंत्रित ढंग से बढ़े अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से विश्वशांति को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इससे निबटने के लिए प्रत्येक राष्ट्र को वैश्विक स्तर पर एक साथ मिलकर लड़ना होगा।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **12**

"With unbridled escalation in the international terrorism activities during the past two decades a grave threat looms large before world peace. Every nation has to join hand in the global fight unto the last against it." Explain this statement.

12. "नाभिकीय भयादोहन (परमाणु निरोध) भीषण नरसंहार वाले आणविक हथियारों के प्रतिकार का एकमात्र कारगर उपाय है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए। **12**

"Nuclear deterrance is the only effective alternative to counter the deadly genocidal nuclear weapons." Analytically explain this statement.

13. "सोशल मीडिया को राष्ट्रीय सुरक्षा संवर्धन के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में किस तरह उपयोग में लाया जा सकता है ?" समझाइए। **12**

"How far social media can be utilized as a significant tool in strengthening national security ?" Explain.

scoregetter.in

14. नयी औद्योगिक नीति में 'नया' क्या है ? इस संदर्भ में नयी औद्योगिक नीति की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए और औद्योगिक विकास पर इसके प्रभाव की व्याख्या कीजिए। **12**

What is 'new' in New Industrial Policy ? In this context, state the features of new industrial policy and explain its effects on the industrial growth.

15. विवेचना करें कि भारत में समानता के साथ आर्थिक संवृद्धि एवं न्यायपूर्ण वितरण की नीति समावेशी विकास के लक्ष्यों को पूरा करने में किस हद तक सहायक रही हैं ? **12**

Discuss as to what extent the policy of economic growth with equality and distributive justice has been successful in the fulfilment of the objectives of inclusive growth in India.

16. उत्तर प्रदेश में शिक्षित बेरोज़गारी के मुद्दे की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए। **12**

Critically explain the issue of educated unemployment in U.P.

17. भारत में खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। उन्हें कैसे दूर किया जा सकता हैं ? समझाइए। **12**

Explain the challenges of food security in India. How can they be removed ? Explain.

18. भारत में कृषि विपणन सुधारों का संक्षिप्त मूल्यांकन कीजिए । क्या वे समुचित हैं ? **12**

Evaluate in brief the agriculture marketing reforms in India. Are they adequate ?

19. क्लाउड कम्प्यूटिंग से क्या अभिप्राय है ? क्लाउड कम्प्यूटिंग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर प्रकाश डालिए एवं उसके लाभों को सूचीबद्ध कीजिए । **12**

What is cloud computing ? Show light on the services rendered by cloud computing and enlist its advantages.

20. 'प्रौद्योगिकी स्थानांतरण' से आप क्या समझते हैं ? यह जटिल प्रौद्योगिकी के प्रसार में कैसे सहायक हो सकती है ? समझाइए । **12**

What do you mean by 'Technology Transfer' ? How far this can be useful in disseminating complex technology ? Explain.

---

SEAL

Scorebetter.in